महत्वपूर्ण एवं खास

रायगढ़ में मोहल्ले के रहवासियों ने किया सीमांकन का विरोध

रायगढ़। नजूल विभाग की टीम शहर के संजय नगर मौहल्ले में सीमांकन करने पहुंचे थे जहां टीम द्वारा जमीन का सीमांकन किया जा रहा था इस दौरान वहां के मौहल्ले वासियों ने हंगामा मचाना शुरू कर दिया। इस दौरान टीम को पुलिस की मद्द भी लेनी पड़ी। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शहर के एक बड़े कारोबारी ने यहां अपनी जमीन होने का दावा करते हुए जमीन का सीमांकन कराने हेतु आवेदन दिया था। बताया जा रहा है कि आज नजूल विभाग की टीम के अलावा तहसीलदार भी मौके पर जमीन का सीमांकन करने पहुंचे थे, लेकिन जिस जमीन का वे सीमांकन करने पहुंचे थे वहां लगभग 28 मकान पहले से बने हुए थे।

जमीन का किया गया गलत सीमांकन - निवासी

इसमें रहने वाले लोगों ने सीमांकन का विरोध किया लेकिन देर शाम तक टीम जमीन का सीमांकन कर वापस चली गई। मोहल्ले वासियों का कहना है कि हम यहां वर्षो से मकान बनाकर रह रहे हैं आज तक यहां कोई भी दावा नहीं किया है कि यह जमीन उसकी है। आज एक बड़ा व्यापारी उसे अपना बता रहा है जिसका वे विरोध कर रहे हैं। मोहल्ले वासियों का कहना है कि यहां गलत सीमांकन हुआ है। वहीं उनका कहना है कि इससे पहले उन्हे नजूल जमीन में घर बनाये जाने पर नोटिस भी जारी किया गया था तो आज वही जमीन किसी और की कैसे हो सकती है?

कलयुगी बेटे ने मां को उतारा के घाट हुई आजीवन कारावास की सजा

रायगढ़। साल भर पूर्व मामूली कहासुनी के बाद उपजे विवाद में कलयुगी बेटे ने अपनी मां के सिर पर टांगी से वार कर मौत के घाट उतार दिया। उक्त कांड के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर कोर्ट में चालान किया था वही एक वर्ष बाद मृत महिला के कातिल को आजीवन कारावास की सजा मिली है।

आरोपी संजय लकड़ा पिता अमर साय उम्र 22 वर्ष ग्राम डग भौना निवासी है। जिसका विवाद स्वयं की माता मृतिका गुनी बाई से 26 अगस्त 2017 को हो गया था। जिसके बाद आरोपी बेटे ने अपने पत्नी के हाथ से टांगी लेते हुए मारने के लिए घर मे दौड़ाया था । ततपश्चात सिर में प्राणघातक चोट पहुंचाया। जिससे महिला की मौत घटना स्थल पर हो गई। महिला की मौत के बाद पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई । जहां आरोपी की बहन को भी हत्या में हथियार उपलब्ध कराए जाने पर उसके खिलाफ मामले ट्रायल चला । बहरहाल कलयुगी बेटे को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश घरघोड़ा कोर्ट के न्यायधीश आशीष पाठक ने आजीवन कारावास से निरूपित किया । वही उसकी बहन के खिलाफ पर्याप्त सबूत नही मिलने से दोषमुक्त किया है। उस पूरे प्रकरण में अपर लोक अभियोजक मोहन सिंह ठाकुर ने पैरवी की थी।

शराबी वाहन चालकों पर पुलिस की कार्रवाई

रायगढ़ । शराब का सेवन कर वाहन चला रहे लोगों को पुलिस ने पकड़ा और प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की गई। इसके अलावा निर्धारित गति से तेज रफ्तार वाहन चलाने व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भी प्रकरण दर्ज किया गया। विदित हो कि रात के दौरान शराब के नशे में वाहन चालक निर्धारित गति से तेज रफ्तार में वाहनों को चलाते हैं। इससे शहर के बीचों बीच कई दफे दुर्घटनांए भी घटित हो चुकी है। ऐसे में पुलिस शराब के नशे में वाहन चलाने वालों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। जहां बीती रात भी सीएसपी सिद्धार्थ तिवारी के नेतृत्व पर चक्रधर नगर थाना प्रभारी युवराज तिवारी सहित थाना के अन्य स्टाफ ने हेमूकलाणी चौक पर कार्रवाई की।

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावः मतगणना में लगे अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण शुरू, 11 दिसंबर को होगी मतगणना

रायपुर। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 12 नवंबर और 20 नवंबर को संपन्न हो चुका है। वहीं मतगणना 11 दिसंबर को होगी। इसके लिए अब निर्वाचन आयोग ने मतगणना में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण देना शुरू कर दिया है।

इसी कड़ी में आज रायपुर, गरियाबंद ओर बलौदाबाजार भाटापारा जिले के रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी और मास्टर ट्रेनर्स को आज यहां रायपुर के न्यू सर्किट हाउस के ऑडिटोरियम में मतगणना के संबंध में मास्टर ट्रेनर्स पुलक भट्टाचार्य ने प्रशिक्षण दिया।

अधूरे कोर्स के बीच अर्धवार्षिक परीक्षा

शिक्षक चुनावी कार्य मे रहे व्यस्त, स्कूली बच्चों के पढ़ाई पर पड़ा असर

रायगढ़। प्रदेश में विधानसभा चुनाव में चुनावी रण के मद्देनजर कई विभाग में व्यापक स्तर पर कामकाज प्रभावित हुआ है। जिसमे जीवन की आधारशिला की इमारत गढ़ने वाला स्कूल शिक्षा विभाग के कामकाज में शुरू से लेकर अंत तक प्रभावित हुआ है।

आलम यह है कि चुनाव के कारण स्कूलों की पढ़ाई पूरी तरह से ठप हो गई है। जिसका परिणाम बोर्ड से लेकर घरेलू कक्षा की शिक्षा अधर में लटक गई है। स्कूलों में कोई भी विषय का कोर्स पूरा नही हुआ है। वही चंद दिनों बाद जिले के सभी स्कूलों में अर्धवार्षिक परीक्षा होना है। जिसमें नवमी से लेकर 12 तक की कक्षा की परीक्षा 15 दिसम्बर से आयोजित होकर 22 दिसम्बर तक रहेगी। वही यह परीक्षा हर वर्ष 25 नवंबर से आरम्भ होती थी परन्तु चुनाव व चुनाव परिणाम से परीक्षा व पढाई दोनों पर असर पड़ा हैं। हालांकि विभाग इस पर पढाई व परीक्षा परिणाम में किसी तरह की कोई गिरावट नही आने की बात कह रही है। इस तरह अब स्कूली बच्चों का रिजल्ट देखना व विभाग के दावे को परखना लाजमी होगा।

चुनाव कही बिगाड़ ना दे रिजल्ट

गौरतलब है कि लोकतंत्र का महा पर्व मतदान है वही यह मतदान जिले भर के अधिकांश स्कूलों की बिल्डिंग का इस्तेमाल किया गया। जिसमें चुनाव से पहले व चुनाव के बाद तक उक्त स्कूल में बनाये गए मतदान केंद्र का अवलोकन करते रहते थे। इसके अलावा शिक्षकों को मतदान में सलग्न किया गया था। शिक्षकों को मतदान ड्यूटी से अटैच होने से स्कूलों की पढाई ठप हो गई।

एक और विभत्स सड़क दुर्घटना..! मौके पर ही मौत....

रायगढ़। आज सुबह 5 बजे केंद्रीय विद्यालय के पास विश्राम भवन के नजदीक एक बहुत ही विभत्स सड़क दुर्घटना प्रकाश में आई है जिसमें एक युवक इस अज्ञात ट्रेलर की चपेट में आ गया। घटना केंद्रीय विद्यालय के पास की है। मृतक पेशे से ट्रेलर में हेल्परी करता था। आज सुबह करीब 5 बजे वह अपनी गाड़ी को बैक करवा रहा था। तभी मरीन ड्राइव की तरफ से तेज रफ्तार आती ट्रेलर ने अपने चपेट में ले लिया। जब दुर्घटना इतनी भयानक है कि मृतक के सर पूरी तरीके से कुचल गया। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। 112 की टीम मौके पर पहुंच चुकी है। आगे की कार्यवाही जारी है। मृतक का नाम सुरेश कुमार यादव है। वह मध्य प्रदेश का सुरवान जिला कटनी जिला रहने वाला था। जो ट्रक में हेल्परी का काम करता था। उम्र करीब 20 से 22 वर्ष के आसपास होगी।

राष्ट्रीय कवि संगम एवं साहित्य परिवार ने श्रद्धेय अमीचंद अग्रवाल' राहगीर' को दी भावभीनी श्रद्धांजली

रायगढ़। शहर के जाने माने व प्रतिष्ठित वरिष्ठ साहित्यकार अमीचंद अग्रवाल'राहगीर' के दुखद निधन हो जाने पर राष्ट्रीय कवि संगम एवं साहित्य परिवार जिला इकाई रायगढ़ ने उनके साहित्य अवदानों को याद किया तथा उन्हें साहित्य के अच्छे मार्गदर्शक व संरक्षक के रूप में बताया। वे नव साहित्यकारों को हाथ पकड़ कर लिखना सिखाने व समझाने वाले ऐसे साहित्यकार थे, जिनका अवसान एक अपूर्णीय क्षति हैं। साहित्य परिवार द्वारा ईश्वर से प्राथना की गयी कि ईश्वर उनके परिवार को इस दुःखद घटना को सहने की क्षमता प्रदान करें और मृत आत्मा शांति प्रदान करें। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अंजनी कुमार अंकुर जी उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके व्यक्तिव और कृतत्व पर प्रकाश डाला और उनके संस्मरण के कुछ लम्हों को भी सभी उपस्थित जनों के बीच साझा किया।

चूहामार दवा सेवन से महिला की हालत नाजुक

रायगढ़। जूटमिल चौकी क्षेत्र की रहने वाली 29 वर्षीय महिला खाना के साथ चूहामार दवा मिलाकर सेवन कर ली। जिससे महिला की हालात बिगड़ गई।

परिजनों ने आधी रात मेडिकल कालेज अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है जहां महिला की हालत नाजुक बनी हुई है। सोनी देवी पति चंदन सिंह 29 वर्ष कबीर चौक निवासी है। महिला के परिवार के किसी के साथ कहासुनी हो गई थी। इस कारण महिला चूहामार दवा का सेवन कर ली। इससे उसकी हालत आधी रात बिगड़ गई। वही आधी रात 108 से महिला को से मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती किया गया है। जहां उसकी दशा गम्भीर बताई जा रही है। बहरहाल मामले में पुलिस तफ्तीश में जुट गई है।

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कुलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें ....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षो से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session



Topper Students Last Session



Join

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री सत्यव्रत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं मार्निंग वॉर्ड के सदस्यों कृ0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती रेकना श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरने एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा अधिकारिक नियुक्तियां की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं सांवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा सांवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career School, Raigarh, C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931